**दिनांक : 14.07.2025** **समय : 07.10pm**

**प्रादेशिक समाचार**

## मुख्य समाचार:

- **मुख्यमंत्री ने दुबई दौरे पर स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासो की जरूरत पर दिया बल।**
- **प्रदेश विधानसभा में सात राज्यों की विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों की हुई बैठक।**
- **सावन का पहला सोमवार आज, शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।**
- **अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 40 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।**

### मुख्यमंत्री यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीन दिवसीय दुबई दौरे के दूसरे दिन आज औद्योगिक, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

### समिति बैठक

मध्यप्रदेश विधानसभा में आज सात राज्यों की विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों की समिति की पहली बैठक हुई। बैठक का मूल उद्देश्य समिति प्रणाली की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना, उसे और सक्षम बनाना और वित्तीय, प्रशासनिक और विधायी नियंत्रण में सुधार करना था। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद की महत्वपूर्ण व्यवस्था है। इस व्यवस्था में सूक्ष्म निगरानी के लिये समितियां बनाई गई है।

मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा सत्रों के बीच विधायी, वित्तीय और प्रशासनिक मामलों में समितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये समितियां कार्यपालिका पर निगरानी रखती हैं और शासन को जवाबदेह बनाती हैं। बैठक में मध्यप्रदेश के साथ ही उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और सिक्किम विधानसभा के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

**ग्रामीण विकास**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी गाँवों को विकसित करने का आह्वान किया है। श्री चंद्रशेखर ने आज नई दिल्ली में ग्रामीण विकास मंत्रालय की कार्यनिष्पादन समीक्षा समिति की पहली बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इसकी शुरुआत के बाद से कच्चे घरों में रहने वाले ग्रामीण परिवारों के लिए तीन करोड़ 22 लाख से ज़्यादा पक्के घर बनाए जा चुके हैं और 2029 तक दो करोड़ अतिरिक्त घर बनाने का लक्ष्य है।

**प्लेसमेंट ड्राइव– इंदौर**

इंदौर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में कल 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम "एआई और डिजिटल स्किल्स के माध्यम से युवा सशक्तिकरण" की थीम पर आयोजित किया जायेगा, जिसके अंतर्गत युवाओं को आधुनिक तकनीकों, कौशल विकास, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता एवं तकनीकी सशक्तिकरण के प्रति प्रेरित करना है।

**राष्ट्रपति–राज्यपाल नियुक्ति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज हरियाणा और गोआ में नए राज्यपालों और लद्दाख में उपराज्यपाल की नियुक्ति की है। पूर्व नागरिक विमानन मंत्री पुष्पापति अशोक गजपति राजू को गोआ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है, वहीं प्रो. आशिम कुमार घोष हरियाणा के राज्यपाल होंगे। कविंदर गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

**मांडविया नशामुक्त सम्मेलन**

युवा कार्य मंत्रालय आगामी 18 से 20 जुलाई तक वाराणसी में तीन दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन, विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा का आयोजन करेगा। शिखर सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति पहल के लिए व्यापक राष्ट्रीय रणनीति बनाना है। आज नई दिल्ली में केंद्रीय युवा कार्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि देश के एक सौ आध्यात्मिक संगठनों के लगभग पाँच सौ युवा प्रतिनिधि आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति आंदोलन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**नदी संरक्षण योजना**

नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना में नर्मदा नदी को निर्मल बनाये रखने की योजना में केन्द्र सरकार से हरसंभव मदद ली जायेगी। आज भोपाल में निर्मल नर्मदा योजना की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की जीवनरेखा नर्मदा नदी को निर्मल बनाये रखने के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस योजना पर पहले चरण में 2459 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।

**सावन सोमवार – प्रदेश**

आज सावन का पहला सोमवार है। इस अवसर पर प्रदेशभर के शिव मंदिरों में श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ रही हैं। उज्जैन में आज भगवान महाकाल की पहली शाही सवारी निकाली जा रही है। उधर खण्डवा जिले की तीर्थ नगरी ओम्कारेश्वर में श्रावण माह के पहले सोमवार को आज भगवान ओम्कारेश्वर और भगवान ममलेश्वर की सवारी निकाली जा रही है। विदिशा, सतना, जबलपुर, आगरमालवा, नर्मदापुरम, विदिशा, अनूपपुर, अशोकनगर, छतरपुर सहित सभी जिलों में सुबह से ही शिवालयों में भक्त विशेष पूजन के लिए पहुंच रहे हैं।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। कई जिलों में भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त है। लगातार हो रही बारिश से नदियों और तालाबों का जलस्तर बढ़ गया है। सीहोर जिले में दिनभर रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। खंडवा- जिले में गत चौबीस घंटों में 4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। शिवपुरी जिले में लगातार बारिश का क्रम जारी है। इसी बीच जिले से निकलने वाली सिंध नदी में पानी बढ़ने के बाद इस नदी पर बनाए गए अटल सागर मड़ीखेड़ा बांध के 6 गेट

**खोल दिए गए हैं।** मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 40 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## कुछ समाचार संक्षेप में

- दमोह में आज राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और सांसद राहुल सिंह की उपस्थिति में धरती आबा जनजाति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
- शिवपुरी जिले में हो रही निरंतर बारिश को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को फसलों की सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।
- पन्ना जिले मे शासन द्वारा  दो चरणों में स्वीकृत अटल पंचायत भवनों में से 36 पंचायत भवनों का निर्माण कार्य जारी है।
- **राजगढ़** जिले में कलेक्टर ने शुद्ध पेयजल की आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।
- झाबुआ जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से "मातृधरा अभियान" की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान में जिले की नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

*********************